रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 114 m और 63 m विमा वाले आयत में अंतर्निहित किया जा सकता है।

$\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।

**Ans**
✗ 1. 202
✗ 2. 201
✗ 3. 199
✓ 4. 198

**Q.2** एक दुकान पांच दिनों में ₹500, ₹600, ₹450, ₹550 और ₹400 अर्जित करती है। प्रतिदिन औसत अर्जन कितना है?

**Ans**
✗ 1. ₹480
✓ 2. ₹500
✗ 3. ₹520
✗ 4. ₹460

**Q.3** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 190 735 494 761 781 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

**Ans**
✗ 1. 4
✓ 2. 1
✗ 3. 2
✗ 4. 0

**Q.4** 2015 में शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया' पहल ने भारत में सुधारो के पश्चात विकास पथ में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित किया। निम्नलिखित में से क्या डिजिटल इंडिया पहल का एक स्तंभ नहीं है?

**Ans**
✗ 1. मांग पर शासन एवं सेवाएं
✗ 2. प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगिता के रूप में डिजिटल अवसंरचना
✓ 3. इंटरनेट सेवाओं का निजीकरण
✗ 4. नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण

Q.5 एमएस पावरपॉइंट 2019 (MS PowerPoint 2019) होम स्क्रीन पर, 'स्टार्ट स्क्रीन (Start Screen)' के इनेबल होने पर नई ब्लैंक प्रेजेंटेशन शुरू करने के लिए किस ऑप्शन या सेक्शन पर क्लिक करना चाहिए?

Ans
✗ 1. रिबन से डिजाइन टैब (Design tab) पर
✗ 2. लेफ्ट साइडबार में रिसेंट टैब (Recent tab) पर
✗ 3. नीचे बाएँ कॉर्नर पर ओपन बटन (Open button) पर
✓ 4. राइट पैनल पर 'Blank Presentation' लेबल वाली टाइल पर

Q.6 नाविका सागर परिक्रमा II के तीसरे चरण के दौरान, जनवरी 2025 में INSV तारिणी ने कौन-सी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की?

Ans
✗ 1. अंटार्कटिका की पूरी परिक्रमा पूर्ण की
✓ 2. प्वाइंट निमो को पार किया, जो दुर्गमता का महासागरीय ध्रुव है
✗ 3. पहली बार पोर्ट स्टेनली पर पहुँचा
✗ 4. अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पार किया

Q.7 एक दीवार के सहारे टिकी हुई सीढ़ी का उन्नयन कोण 60° है तथा सीढ़ी का पाद दीवार से 4.5 m दूर है। सीढ़ी की लंबाई ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. $4\sqrt{2}$ m
✓ 2. 9 m
✗ 3. 8 m
✗ 4. $3\sqrt{2}$ m

Q.8 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) 8 & 1 9 5 £ $ 6 8 $ # 8 & @ * 5 $ # * 5 $ 9 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✓ 1. 4
✗ 2. 5
✗ 3. 6
✗ 4. 3

Q.9 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

YOD WNF UMH SLJ ?

Ans
✗ 1. QKK
✗ 2. QLL
✗ 3. QLK
✓ 4. QKL

Q.10 ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का निर्माण _____ में यातायात की भीड़भाड़ कम करने के लिए किया गया है।

Ans
✗ 1. बेंगलुरु
✓ 2. दिल्ली
✗ 3. मुंबई
✗ 4. चेन्नई

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. OR – TN
✘ 2. JM – OH
✘ 3. BE – GZ
✘ 4. SV – XQ

Q.12 सात मित्र, F, G, H, I, O, P और Q, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। I और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर केवल H बैठा है। G और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, P के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन Q के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✘ 1. G
✘ 2. F
✔ 3. Q
✘ 4. H

Q.13 3 पेन और 12 नोटबुक की कीमत ₹195 है। 7 नोटबुक की कीमत, 4 पेन की कीमत से ₹39 अधिक है। 12 पेन और 6 नोटबुक की कीमत कितनी है?

Ans
✔ 1. ₹234
✘ 2. ₹237
✘ 3. ₹236
✘ 4. ₹229

Q.14 अप्रैल 2025 में, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (GEI) लक्ष्य नियम, 2025 का मसौदा भारत के किस मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था?

Ans
✘ 1. रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
✔ 2. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
✘ 3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
✘ 4. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

Q.15 यदि बहुपद $ax^3 + 4x^2 + 3x - 4$ और $x^3 - 7x + a$ को $(x - 2)$ से विभाजित करने पर समान शेषफल प्राप्त होता है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{-36}{5}$
✘ 2. $\frac{-17}{5}$
✔ 3. $\frac{-24}{7}$
✘ 4. $\frac{-21}{8}$

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा, एमएस एक्सेल (MS Excel) वर्कबुक को सेव करने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट है?

Ans
✘ 1. Alt + S
✘ 2. Ctrl + K
✔ 3. Ctrl + S
✘ 4. Tab + S

Q.17 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

175 ÷ 5 + 213 × 3 – 75 = ?

Ans
✗ 1. 869
✗ 2. 889
✗ 3. 898
✓ 4. 879

Q.18 थार रेगिस्तान में किस प्रकार की वनस्पति प्रमुख रूप से पाई जाती है?

Ans
✗ 1. अल्पाइन शाद्वल
✓ 2. छोटी जड़ी-बूटियाँ और झाड़ियाँ
✗ 3. मैंग्रोव
✗ 4. सदाबहार वन

Q.19 वोल्टमीटर को परिपथ में समांतर क्रम में क्यों जोड़ा जाता है?

Ans
✗ 1. कुल प्रतिरोध मापने के लिए
✗ 2. इसमें से अधिकतम धारा प्रवाहित करने के लिए
✓ 3. दो बिंदुओं के बीच विभवांतर मापने के लिए
✗ 4. वोल्टता पात को कम करने के लिए

Q.20 केशव को पहले वर्ष में अपनी बिक्री राशि में 4% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि प्राप्त होती है, और इसके साथ उसकी वर्तमान बिक्री ₹1,56,000 है। दो वर्ष पहले उसकी बिक्री (₹ में) कितनी थी?

Ans
✗ 1. 1,30,000
✗ 2. 1,05,000
✓ 3. 1,25,000
✗ 4. 1,50,000

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

176 168 159 149 138 ? 113

Ans
✗ 1. 125
✓ 2. 126
✗ 3. 123
✗ 4. 129

Q.22 37 - [37 - {37 - (37 - 37 × 2)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 74
✗ 2. 70
✗ 3. 90
✗ 4. 65

Q.23 विक्रम 3201 और कल्पना 3201 माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने में ISRO के साथ किस संगठन ने सहयोग किया है?

Ans
✗ 1. दिल्ली में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT)
✓ 2. चंडीगढ़ में स्थित अर्धचालक प्रयोगशाला (SCL)
✗ 3. मोहाली में स्थित अर्धचालक प्रयोगशाला (SCL)
✗ 4. बेंगलुरु में स्थित राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (NAL)

Q.24 2016 में गठित एन.के. सिंह समिति (NK Singh Committee) निम्नलिखित में से किससे संबंधित थी?

Ans
✗ 1. स्थायी जमा सुविधा की भूमिका
✗ 2. मौद्रिक नीति समिति की भूमिका
✓ 3. FRBM अधिनियम, 2003 की समीक्षा
✗ 4. भारत में व्यापार घाटे की समीक्षा

Q.25 भारत सरकार ने प्रतिभूति लेनदेन के कराधान में शामिल जटिलताओं को कम करने, निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देने और बाजार छलसाधन को रोकने के लिए, किस वर्ष प्रतिभूति लेनदेन कर (STT) पेश किया?

Ans
✗ 1. 2000
✗ 2. 2010
✗ 3. 2015
✓ 4. 2004

Q.26 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : MRN :: HMI : %**

Ans
✗ 1. # = JIQ, % = FDJ
✗ 2. # = LPR, % = JHG
✓ 3. # = PUQ, % = EJF
✗ 4. # = KLJ, % = KHI

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

**SM13 QK25 OI37 MG49 ?**

Ans
✓ 1. KE61
✗ 2. KF61
✗ 3. KF62
✗ 4. KE62

Q.28 साधारण ब्याज पर, एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष में ₹1,750 तथा 4 वर्ष में ₹3,000 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 124%
✗ 2. 126%
✗ 3. 127%
✓ 4. 125%

Q.29 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**862 860 856 850 842 ?**

Ans
✗ 1. 833
✗ 2. 831
✗ 3. 830
✓ 4. 832

Q.30 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FAIR' को '9357' के रूप में और 'ROSE' को '8632' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 2
✗ 3. 8
✓ 4. 3

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा, 'तत वाद्य' है?

Ans
✔ 1. वीणा
✘ 2. बांसुरी
✘ 3. मंजीरा
✘ 4. ढोल

Q.32 किस संवैधानिक संशोधन द्वारा अनुच्छेद 352 के संदर्भ में भारतीय संविधान में 'कैबिनेट' शब्द को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया?

Ans
✘ 1. 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976
✘ 2. 43वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1977
✔ 3. 44वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1978
✘ 4. 45वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1980

Q.33 एक विक्रेता ₹29 प्रति संतरा बेचता है और उसे 75% की हानि होता है। यदि वह 75% का लाभ अर्जित करना चाहता है, तो उसे प्रत्येक संतरा किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

Ans
✘ 1. 201
✘ 2. 206
✔ 3. 203
✘ 4. 205

Q.34 दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घंटे और 64 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 2 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो पूर्णतः खाली टंकी का आधा हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✘ 1. 96
✔ 2. 32
✘ 3. 128
✘ 4. 64

Q.35 10.5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त में, यदि किसी त्रिज्यखंड का कोण $\frac{2\pi}{3}$ है, तो त्रिज्यखंड का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✘ 1. 41
✘ 2. 44
✘ 3. 40
✔ 4. 43

Q.36 जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, दिसंबर 2022 तक भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत कितनी अनुसूचित जनजातियां अधिसूचित हैं?

Ans
✘ 1. 630 से अधिक
✔ 2. 730 से अधिक
✘ 3. 430 से अधिक
✘ 4. 530 से अधिक

Q.37 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GB-IE-LN
KF-MI-PR

Ans
✗ 1. PJ-QM-TU
✗ 2. OJ-QM-TU
✓ 3. OJ-QM-TV
✗ 4. PJ-QN-TU

Q.38 यदि निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक 160 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 145-150 | 150-155 | 155-160 | 160-165 | 165-170 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 10 | 18 | 31 | x | 24 |

Ans
✓ 1. 31
✗ 2. 32
✗ 3. 43
✗ 4. 42

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 47 से विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 3816
✗ 2. 4416
✗ 3. 3674
✓ 4. 3995

Q.40 2025 में, निम्नलिखित में से किसे संगीत में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया?

Ans
✗ 1. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम
✓ 2. पंकज उधास
✗ 3. शारदा सिन्हा
✗ 4. अनंत नाग

Q.41 किस चीनी यात्री ने शिलादित्य नामक मैत्रक शासक का उल्लेख किया था?

Ans
✗ 1. आई-त्सिंग (I-Tsing)
✗ 2. फाह्यान (Fa-Hien)
✓ 3. ह्वेन त्सांग (Hiuen Tsang)
✗ 4. फाजियान (Faxian)

Q.42 निर्भय अकेले किसी कार्य को 19 दिनों में पूरा कर सकता है और विस्मय अकेले उसी कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकता है। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया, लेकिन निर्भय को कार्य पूरा होने से 4 दिन पहले ही कार्य छोड़ना पड़ा। कार्य कितने दिनों में पूरा हो पाएगा?

Ans
✓ 1. $5\frac{13}{25}$ दिन
✗ 2. $5\frac{6}{25}$ दिन
✗ 3. $5\frac{8}{25}$ दिन
✗ 4. $5\frac{24}{25}$ दिन

Q.43 समीकरण $x^4 - 13x^2 + 36 = 0$ को द्विघात समीकरण में लघुकृत करें और लघुकृत द्विघात समीकरण के मूल ज्ञात करें।

Ans
- ✗ 1. 6, 6
- ✗ 2. 12, 3
- ✗ 3. 18, 2
- ✓ 4. 9, 4

Q.44 बरुन बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक jaata है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ 1. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 2. 3 km, दक्षिण की ओर
- ✓ 3. 4 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 4. 2 km, दक्षिण की ओर

Q.45 अमित ने एक दुकान से ₹1,120 प्रति किताब की दर से 51 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹900 प्रति किताब की दर से 49 किताबें खरीदीं। उसने प्रति किताब औसत मूल्य (₹ में) कितना भुगतान किया?

Ans
- ✗ 1. 1,022.2
- ✗ 2. 1,027.2
- ✓ 3. 1,012.2
- ✗ 4. 1,002.2

Q.46 एक सम बहुभुज के लिए, अंत: कोणों का योग, उसके बाह्य कोणों के योग से 300% अधिक है। बहुभुज के प्रत्येक अंत: कोण की माप x° है। x का मान क्या है?

Ans
- ✗ 1. 156
- ✓ 2. 144
- ✗ 3. 140
- ✗ 4. 134

Q.47 एक बेलनाकार छड़ का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 4,900 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 97 cm है, तो छड़ की त्रिज्या (cm में) (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।

Ans
- ✗ 1. 8.55
- ✗ 2. 7.95
- ✗ 3. 6.97
- ✓ 4. 8.04

Q.48 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

61, 55, 18, 49, 52, 80, 60, 33, 54, 56, 28

Ans
- ✓ 1. 54
- ✗ 2. 55
- ✗ 3. 54.5
- ✗ 4. 53.5

Q.49 कनव बिंदु A से शुरू होकर पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ 1. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 2. 4 km, दक्षिण की ओर
- ✓ 3. 5 km, उत्तर की ओर
- ✗ 4. 4 km, उत्तर की ओर

Q.50 अधिकांश कंप्यूटर एप्लीकेशन्स में जब Ctrl + V शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है, तो निम्न में से कौन-सी क्रिया होती है?

Ans
- ✗ 1. वर्तमान डॉक्यूमेंट सेव होता है
- ✓ 2. कॉपी या कट किया गया कंटेंट पेस्ट होता है
- ✗ 3. न्यू फ़ाइल क्रिएशन डाइलॉग बॉक्स ओपन होता है
- ✗ 4. फाइंड (Find) डाइलॉग बॉक्स ओपन होता है

Q.51 केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) की परिभाषा में लघु उद्यम बनने के लिए नया मानदंड निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. ₹100 करोड़ से अधिक का टर्नओवर
- ✗ 2. ₹125 करोड़ से अधिक का टर्नओवर
- ✓ 3. ₹100 करोड़ से कम का टर्नओवर
- ✗ 4. ₹500 करोड़ से अधिक का टर्नओवर

Q.52 भारत के सुदूर पूर्वी और सुदूर पश्चिमी बिन्दुओं के बीच की दूरी लगभग कितनी है?

Ans
- ✓ 1. 2933 km
- ✗ 2. 2500 km
- ✗ 3. 3500 km
- ✗ 4. 3214 km

Q.53 'तुहफ़ात-उल-मुवाहिदीन (Tuhfat-ul-Muwahhidin)' किसके द्वारा लिखा गया था?

Ans
- ✗ 1. सैय्यद अहमद खान
- ✓ 2. राममोहन राय
- ✗ 3. अक्षय कुमार दत्त
- ✗ 4. केशुब चंद्र सेन

Q.54 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में अनुसरण की गई संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है ?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 तथा 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

13 - 26 - 30 - 60; 5 - 10 - 14 - 28

Ans
- ✗ 1. 3 - 6 - 10 - 30
- ✗ 2. 2 - 4 - 8 - 12
- ✗ 3. 7 - 14 - 18 - 22
- ✓ 4. 10 - 20 - 24 - 48

Q.55 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

34 + 43 – 17 ÷ 121 × 11 = ?

Ans
✗ 1. 156
✗ 2. 181
✓ 3. 178
✗ 4. 164

Q.56 एक व्यक्ति अपनी आय का 20% बचाता है। यदि उसका व्यय ₹960 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 192
✗ 2. 768
✗ 3. 1,240
✓ 4. 1,200

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MANY' को '5391' के रूप में और 'ARCS' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✓ 1. 5
✗ 2. 2
✗ 3. 8
✗ 4. 3

Q.58 संसदीय प्रणाली एक "उत्तरदायी सरकार" किस प्रकार सुनिश्चित करती है?

Ans
✗ 1. राष्ट्रपति को किसी भी समय प्रधानमंत्री को बर्खास्त करने की अनुमति देकर
✗ 2. सेना को शासन के पर्यवेक्षण की अनुमति देकर
✗ 3. न्यायपालिका को कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करने की शक्ति देकर
✓ 4. मंत्रिपरिषद को सामूहिक रूप से संसद के प्रति जवाबदेह बनाकर

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. ROIH
✗ 2. JGBZ
✗ 3. BYTR
✗ 4. TQLJ

Q.60 कंप्यूटर के मूलभूत प्रचालन (fundamental operation) को ध्यान में रखते हुए, कमांड-लाइन इंटरफेस (command-line interface) या टर्मिनल में Tab कुंजी दबाने का तात्कालिक प्रभाव क्या पड़ता है?

Ans
✗ 1. यह वर्तमान में टाइप किये गये कमांड को निष्पादित करता है।
✗ 2. यह अंतिम टाइप किए गए अक्षर को डिलीट करता है।
✓ 3. यह वर्तमान में टाइप किए गए कमांड या फ़ाइल नाम को ऑटो-कंप्लीट करने का प्रयास करता है।
✗ 4. यह एक अलग वर्चुअल टर्मिनल या कंसोल (virtual terminal or console) पर स्विच हो जाता है।

Q.61 कौन-सा संवैधानिक प्रावधान राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि किसी भी नागरिक को आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित न किया जाए?

Ans
✓ 1. अनुच्छेद 39A
✗ 2. अनुच्छेद 21
✗ 3. अनुच्छेद 32
✗ 4. अनुच्छेद 14

Q.62 वह सबसे बड़ी संख्या जिससे 93 और 190 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 5 और 3 बचता है, ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 21
✗ 2. 17
✗ 3. 14
✓ 4. 11

Q.63 2024 में प्रथमत: आयोजित 2024 संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (COP16) का नारा क्या था?

Ans
✗ 1. पर्यावरण शांति
✗ 2. जैव विविधता से प्रकृति तक
✓ 3. प्रकृति के साथ शांति
✗ 4. जैव विविधता से शांति

Q.64 विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल (Special Olympics World Winter Games) 2025 में, भारत के पदकों का विवरण क्या था?

Ans
✓ 1. 8 स्वर्ण, 18 रजत, 7 कांस्य
✗ 2. 10 स्वर्ण, 15 रजत, 8 कांस्य
✗ 3. 15 स्वर्ण, 10 रजत, 8 कांस्य
✗ 4. 12 स्वर्ण, 10 रजत, 11 कांस्य

Q.65 तीन संख्याएँ $\frac{4}{14} : \frac{7}{14} : \frac{16}{15}$ के अनुपात में हैं। सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या के बीच अंतर 41 है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 54
✓ 2. 56
✗ 3. 58
✗ 4. 55

Q.66 F, G का पति है। G, H की माता है। H, I की पत्नी है। I, J का पिता है। F का J से क्या संबंध है?

Ans
✓ 1. माता का पिता
✗ 2. पिता का पिता
✗ 3. माता का भाई
✗ 4. पिता का भाई

Q.67 नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) 2019 के अंतर्गत फास्ट-ट्रैक नागरिकता के लिए निम्नलिखित में से किस समुदाय को शामिल नहीं किया गया?

Ans
✗ 1. सिख
✗ 2. हिन्दू
✗ 3. ईसाई
✓ 4. मुस्लिम

Q.68 आगरा किले में, जहांगीरी महल के निर्माण के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस सामग्री का उपयोग किया गया है?

Ans
✓ 1. लाल बलुआ पत्थर
✗ 2. सफ़ेद संगमरमर
✗ 3. सिरेमिक
✗ 4. कंक्रीट

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी शेर, बाघ हैं।
कुछ बाघ, तेन्दुआ हैं।
कोई तेंदुआ, जिराफ़ नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ तेन्दुआ, शेर हैं।
(II) कुछ जिराफ़, बाघ हो सकते हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 3. या तो निष्कर्ष (I) या निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.70 करुणा, ज्योति, शिव, राम, पूरन, ओम और लव एक गोल मेज के परितः इसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। शिव, लव के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। करुणा, शिव के बाएं दूसरे स्थान पर बैठी है। ज्योति, पूरन के दाएं तीसरे स्थान पर बैठी है। राम, ज्योति के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। राम, शिव का निकटतम पड़ोसी नहीं है। राम के बाएं ठीक पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. ओम
✗ 2. करुणा
✗ 3. पूरन
✓ 4. लव

Q.71 हिमालय पर्वतमाला का सबसे बाहरी भाग बनाने वाली शिवालिक पहाड़ियाँ किन भारतीय राज्यों में फैली हुई हैं?

Ans
✗ 1. अरुणाचल प्रदेश से मणिपुर तक
✗ 2. बिहार से पश्चिम बंगाल तक
✓ 3. जम्मू और कश्मीर से उत्तराखंड तक
✗ 4. पंजाब से सिक्किम तक

Q.72 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

43 ÷ 9 – 988 × 2 + 11 = ?

Ans
✓ 1. 870
✗ 2. 895
✗ 3. 880
✗ 4. 875

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा मानव जीनोम अनुक्रमण के प्रभाव का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह अनुलेखन संबंधी विनियमन की दिशा में एक उपलब्धि को चिह्नित करता है।
✗ 2. यह शास्त्रीय आनुवंशिकी की आवश्यकता को समाप्त करता है।
✓ 3. यह एक नए वैज्ञानिक क्षेत्र की शुरुआत करता है।
✗ 4. यह सभी RNA-संबंधित कार्यों को स्पष्ट करता है।

Q.74 मिलिंदपन्हो एक _____ है।

Ans
✗ 1. सैन्य नियमपुस्तिका
✗ 2. राजनीतिक संधि
✗ 3. नागरिक संहिता
✓ 4. बौद्ध दार्शनिक पाठ

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BEST' को '4568' और 'STAB' को '8965' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 6
✗ 3. 5
✓ 4. 9

Q.76 20 जनवरी 2025 को सेवा सिंह ठीकरीवाला की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण किया गया। वह मुख्य रूप से किस आंदोलन से संबंधित थे?

Ans
✗ 1. गोवा मुक्ति संग्राम
✗ 2. श्वेत क्रांति
✗ 3. हरित क्रांति
✓ 4. प्रजा मंडल आंदोलन

Q.77 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : EIC :: QLZ : %

Ans
✗ 1. # = DJF, % = UPV
✗ 2. # = EDG, % = PNY
✗ 3. # = ERB, % = RNW
✓ 4. # = FHD, % = PMY

Q.78 कैलोरी सिद्धांत (caloric theory) ने ऊष्मा और दहन के किस पुराने सिद्धांत को प्रतिस्थापित किया?

Ans
✗ 1. ऊष्मागतिक सिद्धांत (Thermodynamic theory)
✓ 2. फ्लोजिस्टन सिद्धांत (Phlogiston theory)
✗ 3. गतिज सिद्धांत (Kinetic theory)
✗ 4. ऐन्ट्रॉपी सिद्धांत (Entropy theory)

Q.79 2024 में शुरू किए गए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
NMNF का लक्ष्य 1 करोड़ किसानों तक पहुँचना और 7.5 लाख हेक्टेयर को कवर करना है।
मॉडल प्रदर्शन फार्म केवल कृषि विश्वविद्यालयों में स्थापित किए जाएँगे।
प्राकृतिक खेती पद्धतियों का उद्देश्य बाह्य रूप से खरीदे गए इनपुट पर निर्भरता को कम करना है।
यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

Ans
✗ 1. 1, 2, 3 और 4
✗ 2. केवल 2 और 3
✓ 3. केवल 1 और 3
✗ 4. केवल 1

Q.80 58 km/hr की चाल से चलने वाली एक ट्रेन P, समानांतर पटरियों पर समान दिशा में 27 km/hr की चाल से चलने वाली 238 m लंबी ट्रेन Q को 7.5 मिनट में पूरी तरह से पार कर लेती है। विपरीत दिशा में 38 km/hr की चाल से चलने वाली 123 m लंबी ट्रेन R को पूरी तरह से पार करने में, P को कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 132
✗ 2. 134
✓ 3. 141
✗ 4. 161

Q.81 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। R की परीक्षा मंगलवार को होती है। U और R के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा होती है। Q की परीक्षा V से ठीक पहले होती है लेकिन बुधवार को नहीं। S की परीक्षा T से ठीक पहले होती है। Q और P के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
✗ 1. दो
✓ 2. चार
✗ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा, एमएस एक्सेल में मिक्स्ड सेल रेफरेंस (mixed cell reference) का उदाहरण है?

Ans
✗ 1. $A$1
✓ 2. $A1
✗ 3. =SUM(A1:A5)
✗ 4. A1

Q.83 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल C को B के ऊपर रखा गया है। B और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल E को A के नीचे रखा गया है। G को F के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। G के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✓ 1. 2
✗ 2. 4
✗ 3. 3
✗ 4. 1

Q.84 बंगाल के विभाजन की घोषणा के ठीक बाद, 1905 में कांग्रेस के बनारस अधिवेशन में मुख्य मुद्दा क्या था?

Ans
✓ 1. स्वदेशी का उपयोग और बहिष्कार
✗ 2. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग का गठन
✗ 3. बंगाल में ब्रिटिश प्रशासकों का तत्काल इस्तीफा
✗ 4. स्वराज की मांग

Q.85 आनंद के पास ₹1,617 हैं। उन्होंने इसे अपने बेटों अनिल और अशोक में बाँट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि अनिल और अशोक को क्रमशः 12 और 13 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। आनंद ने अनिल को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ 1. ₹870
✓ 2. ₹847
✗ 3. ₹770
✗ 4. ₹697

Q.86 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 657 435 578 659 619 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✗ 1. 13
✗ 2. 11
✗ 3. 9
✓ 4. 10

Q.87 यदि संख्या 7516438 में प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
✔ 1. 8
✘ 2. 4
✘ 3. 2
✘ 4. 6

Q.88 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : CRX :: ELU : %

Ans
✔ 1. # = APW, % = GNV
✘ 2. # = AHW, % = GMY
✘ 3. # = BPU, % = DNY
✘ 4. # = BIY, % = HNW

Q.89 $\frac{\sqrt{0.018496}}{\sqrt{0.001156}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 12
✘ 2. 19
✔ 3. 4
✘ 4. 18

Q.90 किस एयरपोर्ट को स्काईट्रैक्स (Skytrax) द्वारा वर्ष 2025 में वर्ल्ड बेस्ट एयरपोर्ट (World's Best Airport) घोषित किया गया?

Ans
✔ 1. सिंगापुर चांगी एयरपोर्ट (Singapore Changi Airport)
✘ 2. इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट (Incheon International Airport)
✘ 3. टोक्यो हनेडा एयरपोर्ट (Tokyo Haneda Airport)
✘ 4. हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट (Hamad International Airport)

Q.91 अप्रैल 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के नए डिप्टी गवर्नर के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

Ans
✘ 1. रघुराम राजन
✘ 2. माइकल पात्रा
✘ 3. उर्जित पटेल
✔ 4. पूनम गुप्ता

Q.92 एक दुकानदार अपने सामान पर लागत मूल्य से X% अधिक मूल्य अंकित करता है और उसे 60% छूट पर बेचता है। यदि उसे समान पर 84% का लाभ प्राप्त होता है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 360
✘ 2. 362
✘ 3. 361
✘ 4. 359

Q.93 कौन-सा शहर 10 से 13 नवंबर तक वेब समिट 2025 की मेजबानी करेगा?

Ans
✘ 1. रोम, इटली
✔ 2. लिस्बन, पुर्तगाल
✘ 3. बार्सिलोना, स्पेन
✘ 4. डबलिन, आयरलैंड

Q.94 X का कौन-सा धनात्मक मान समीकरण $\frac{X}{147} = \frac{48}{X}$ को संतुष्ट करता है?

Ans
✗ 1. 83
✗ 2. 86
✓ 3. 84
✗ 4. 82

Q.95 निम्नलिखित में से किस/किन आदिवासी विद्रोही नेता को विद्रोह के दौरान फांसी नहीं दी गई बल्कि दूसरे देश में निर्वासित कर दिया गया?

Ans
✗ 1. तिलका मांझी
✓ 2. तिरोत सिंह
✗ 3. सिद्धू और कान्हू मुर्मू
✗ 4. नीलाम्बर और पीताम्बर

Q.96 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा गुरुवार को है। U और Q के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। T की परीक्षा S से ठीक पहले है। R की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। U की परीक्षा S के बाद नहीं है। Q के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✓ 3. 1
✗ 4. 2

Q.97 चेतन शहर A से शहर B तक की यात्रा करता है। यदि चेतन अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{3}$ चाल से चलाता है, तो वह शहर B, 46 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि चेतन अपनी सामान्य चाल से कार चलाता, तो उसे शहर A से शहर B तक जाने में कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
✗ 1. 82
✓ 2. 92
✗ 3. 99
✗ 4. 85

Q.98 दो संख्याएं एक तीसरी संख्या से क्रमशः 47% और 25% अधिक हैं। उन दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 161 : 137
✗ 2. 149 : 124
✓ 3. 147 : 125
✗ 4. 155 : 132

Q.99 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए कदम उठाने का निर्देश देता है?

Ans
✓ 1. अनुच्छेद 47
✗ 2. अनुच्छेद 49
✗ 3. अनुच्छेद 48
✗ 4. अनुच्छेद 50

Q.100 यदि निर्माता को 10%, थोक विक्रेता को 15% तथा खुदरा विक्रेता को 28% का लाभ होता है, तो उस मेज की उत्पादन लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिसका ग्राहक के लिए खुदरा मूल्य ₹75,900 है। (नोट: निर्माता, थोक विक्रेता को बेचता है, थोक विक्रेता खुदरा विक्रेता को बेचता है तथा खुदरा विक्रेता ग्राहकों को बेचता है।)

Ans
1. 53,906.25
2. 46,875
3. 60,000
4. 51,562.5